Regarding need to ensure MSP procurement for maize and timely payment by sugar mills to sugarcane growers- Laid

श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) **:** भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद एक महत्वपूर्ण कृषि नीति है जो किसानों का समर्थन करती है और देश में खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करती है । केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाये हुए एमएसपी का किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है । वर्तमान में बिचौलियों द्वारा मक्के की कीमतों में गिरावट का फायदा उठाया जा रहा है । किसान का मक्का बाजार में 1000 रूपए से 1400 रूपए प्रति क्विंटल बिक रहा है**,** जिसमें किसानों की लागत भी उतनी हा आ रही है । इसलिए मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह किसानों को उनकी मेहनत का निश्चित व उचित दाम दिलाते हुए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी और किसानों आय को स्थिर रखने में मदद करेगी । जिससे वे भविष्य में भी मक्का उगाने के लिए प्रोत्साहित होंगे । सरकार MSP पर खरीदें गये मक्का का उपयोग खाद्य आपूर्ति के साथ इथेनॉल उत्पादन जैसे उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कर सकती हैं । शुगर मिलों के द्वारा गन्ना किसानों से की जा रही अतिरिक्त कटौती को बंद किया जाए एवं भुगतान की समय-सीमा तय की जाए ।